आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 13.01.2026 समय : 02.10pm

अमित शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज से तीन दिन के गुजरात दौरे पर हैं। इस दौरान वे राज्य में कई विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे और उत्तरायण उत्सव में भाग लेंगे। श्री शाह अहमदाबाद में फार्मास्युटिकल अकादमी की आधारशिला रखेंगे और आणंद में एक विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। वे संतराम मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे और अपने क्षेत्र में पतंग उत्सव में भी हिस्सा लेंगे। दौरे के अंतिम दिन वे अहमदाबाद में आदि शंकराचार्य समग्र ग्रंथावली के विमोचन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

'क्रिटिकल मिनरल्स' बैठक

रेलवे, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अमेरिका के वॉशिंगटन में आयोजित 'क्रिटिकल मिनरल्स' मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लिया। यह बैठक अमेरिका के ट्रेजरी विभाग की ओर से आयोजित की गई थी, जिसकी अध्यक्षता ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने की। बैठक में क्रिटिकल मिनरल्स, खासकर रेयर अर्थ मेटल्स की सप्लाई चेन को सुरक्षित और विविध बनाने पर चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बैठक में भारत की भागीदारी की जानकारी साझा की।

दावोस बैठक

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में भाग लेगा. 19 से 21 जनवरी तक होने वाली बैठक में मुख्यमंत्री वैश्विक निवेशको से संवाद करेंगे. डॉ. यादव दावोस प्रवास के दौरान फॉर्च्यून 500 कंपनियों के सीईओ और वैश्विक उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठकों में भी हिस्सा लेंगे.

यूथ गेम्स

मध्यप्रदेश के सबसे बड़े खेल आयोजन खेलो एमपी यूथ गेम्स की शुरुआत आज शाम 6 बजे राजधानी भोपाल के बोट क्लब, बड़े तालाब पर होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वॉटर प्रोजेक्शन, लेजर शो, भव्य आतिशबाजी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच यूथ गेम्स का शुभारंभ करेंगे।

लोहड़ी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई फसल के स्वागत और खुशियों के पर्व 'लोहड़ी' पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि लोहड़ी का यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए। साथ ही समाज में प्रेम, एकता और भाईचारे के भाव और मज़बूत हों, यही मंगलकामना है।

कैदियों की रिहाई

जेल विभाग ने गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी के अवसर पर प्रदेश की जेलों में बंद कुछ कैदियों की समय से पहले रिहाई के आदेश जारी किए हैं। कानून के प्रावधानों के तहत प्रदेश की सभी जेलों में 481 बंदियों के मामलों की जांच की गई। जांच के बाद 87 बंदियों को समय पूर्व रिहाई के लिए योग्य पाया गया है। जेल विभाग ने इन 87 बंदियों को शर्तों के साथ रिहा करने के निर्देश दिए हैं।

मौसम

राज्य में शीतलहर का असर लगातार बना हुआ है। ठंड के बीच मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि मकर संक्रांति के बाद प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार 15 जनवरी से उत्तरी हिमालयी क्षेत्र में एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होगा, जिसके प्रभाव से राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में दो से तीन दिन बाद मावठा गिरने की संभावना है। आज ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना और रीवा जिलों में मध्यम कोहरा दर्ज किया गया। वहीं भोपाल, इंदौर, उज्जैन, खजुराहो, गुना, शिवपुरी, शाजापुर और सीहोर में भी कोहरे का असर देखा गया।

समाचार संक्षेप में

- आगरमालवा कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत सभी पात्र व्यक्तियों का डोर–टू–डोर जाकर सर्वे कार्य पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियो को दिये है।
- बालाघाट कलेक्टर ने धान खरीदी में अनियमितता करने पर लालबर्रा तहसील के उपार्जन केंद्र कंजई के 03 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।
  और
- सामुदायिक प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र (सीएमटीसी) डिंडोरी में कृषि सखी एवं कृषि उद्योग सखियों का कृषि आधारित विभिन्न विषयों पर आयोजित प्रशिक्षण कल संपन्न हुआ।

....